'डिजिटल अरेस्ट' गिरोह से जुड़े तार : 47 लाख के म्यूल अकाउंट से खुला 67 लाख का मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड

पुलिस की बड़ी कार्रवाई तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान में रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक ऐसे म्यूल अकाउंट का खुलासा किया है, जिसके जरिए 67 लाख रुपए के मल्टी-स्टेट साइबर फ्रॉड को अंजाम दिया गया था। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में साइबर सेल टीम ने 'ऑपरेशन मैट्रिक्स' के तहत कार्रवाई करते हुए फेडरल बैंक के एक संदिग्ध खाते की जांच की। यह खाता माणकचौक निवासी प्रथम मित्तल के नाम पर संचालित था, जिसमें 25 मार्च को करीब 47.75 लाख रुपए की संदिग्ध राशि जमा हुई थी। जांच में सामने आया कि यह खाता 'म्यूल अकाउंट' के रूप में उपयोग किया जा रहा था, जिसका इस्तेमाल साइबर अपराधी ठगी की रकम को छिपाने और ट्रांसफर करने में करते हैं।

नेटवर्क की तलाश जारी: पुलिस अब इस साइबर गिरोह की अन्य कड़ियों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि यह एक संगठित नेटवर्क है, जो देशभर में ठगी की वारदातों को अंजाम देता है।

सावधान रहें: पुलिस की अपील:

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अज्ञात कॉल, 'डिजिटल अरेस्ट' या अधिकारी बनकर मांगी गई जानकारी पर भरोसा न करें। किसी भी लालच में आकर अपने बैंक दस्तावेज साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

कमीशन के लालच में खुलवाया खाता

पुलिस पूछताछ में खाताधारक प्रथम मित्तल ने बताया कि उसने अपने साथियों हेमंत रायक उर्फ मोनू और शुभम रेडा उर्फ चीकू के कहने पर कमीशन के लालच में खाता खुलवाया था। तीनों के खिलाफ माणकचौक थाने में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

तमिलनाडु के पीड़ित से जुड़े तार

नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज शिकायत के अनुसार कोयंबटूर निवासी के.सी. श्रीधर से 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम के जरिए 67.75 लाख रुपए की ठगी की गई थी। जांच में इस रकम का एक हिस्सा रतलाम के इसी खाते में पहुंचना पाया गया, जिससे अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा हुआ।

जनगणना ड्यूटी में लापरवाही पर 11 को नोटिस, निलंबनकी चेतावनी...

प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहने पर 24 घंटे में जवाब तलब

नवभारत न्यूज

रतलाम। जनगणना 2027 की तैयारियों के बीच लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर प्रशासन सख्त हो गया है। प्रशिक्षण से बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले 11 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा गया है, साथ ही निलंबन की कार्रवाई भी प्रस्तावित की गई है।

नगर निगम आयुक्त और प्रमुख जनगणना अधिकारी अनिल भाना के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित पहले प्रशिक्षण सत्र में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम 1948 एवं मप्र सिविल सेवा नियमों के तहत नोटिस जारी किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिनियम के तहत कर्तव्य में चूक करने पर जुर्माना-सजा का भी प्रावधान है।

इन कर्मचारियों पर गिरी गाज

नोटिस पाने वालों में शिक्षक, सहायक शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा नगर निगम के कुछ कर्मचारी भी कार्रवाई के दायरे में आए हैं, जिन्हें 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

1 मई से शुरू होगा पहला चरण

भारत की जनगणना 2027 के तहत पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा।

दूसरे दिन दिया प्रशिक्षण

जनगणना कार्य के लिए नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण लगातार जारी है। कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न तहसीलों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया और तकनीकी बारीकियों की जानकारी दी।

एक नजर में

नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आज, लाइव प्रसारण भी

रतलाम। भारत सरकार द्वारा 13 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट महिला प्रतिभाओं—निर्वाचित प्रतिनिधि, नीति-निर्माता, शिक्षाविद्, चिकित्सक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, उद्यमी, स्टार्टअप लीडर, सामाजिक कार्यकर्ता तथा कला एवं संस्कृति से जुड़े व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 12:30 बजे तक डी डी न्यूज पर किया जाएगा। साथ ही, वेबकास्ट पर भी उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम में सभी जिलों एवं संभागों में मैदानी स्तर पर कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं, अधिकारी-कर्मचारियों, महिला पंचायत प्रतिनिधियों एवं आमजन उपस्थित रहेंगेद्य

जैविक हाट बाजार में 70630 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों का हुआ विक्रय

रतलाम। परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 7 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 31030 रुपये का विक्रय किया गया। दिलीप धाकड़ द्वारा शहद 4640 रुपये का , उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध विक्रय किया गया, बालकृष्ण तिवारी द्वारा सोना मोती एवं खपली प्रजाति का गेहूं 1200 रुपए का, दिलीप पाटीदार ने गेहूं मिर्ची एवं हल्दी उत्पाद 32500 रुपए का, तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 950 रुपए के उत्पाद विक्रय किए गए । जैविक हाट बाजार में कुल 70630 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

अब किसान घर बैठे ही ले सकेंगे खाद का ई-टोकन, तीन दिन रहेगा वैध

रतलाम। उप संचालक कृषि आर.के.सिंह ने बताया कि ई विकास प्रणाली के तहत अब किसान घर बैठे अपने मोबाईल फोन से ई टोकन बुक कर सकेगें। इस टोकन के जरिए किसान को चुने गये विकल्प के स्थान पर खाद तुरंत मिलेगी। सहकारी समितियों के सदस्यों को समिति से खाद का वितरण होगा। वहीं जो किसान समिति सदस्य नहीं है। उन्हें भी टोकन जारी होगा। इसी टोकन के जरिए निजी दुकानदार एवं नगद विक्रय केन्द्र से खाद तुरंत मिलेगी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा खाद वितरण की पारदर्शी व्यवस्था के संबंध में सभी समितियों/ खाद विक्रेताओं एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये गये है। 01 अप्रेल से जिले में खाद का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के जरिए ही किया जाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी। अभी 50 प्रतिशत, बाद में बची खाद मिलेगी खरीफ सीजन के लिए किसानों को रकबे के अनुसार निर्धारित मात्रा का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। फिर बचा हुआ हिस्सा आने वाले महीनों में इसी तरह ई-टोकन के जरिए मिलेगा। किसान अपने मोबाईल फोन से पोर्टल पर टोकन जनरेट करेंगें। समिति सदस्यों को संबंधित समिति के स्टॉक की जानकारी के सांथ उन्हें मिलने वाली निर्धारित मात्रा का 50 प्रतिशत आवंटन जारी होगा। इस टोकन को दिखाते ही उन्हें खाद मिलेगा। वहीं गैर सदस्यों को नजदीकी निजी क्षेत्र की दुकान की जानकारी उपलब्ध होने के सांथ निर्धारित मात्रा अंकित वाला टोकन मिलेगा। समिति के सदस्य, गैर सदस्य, बटाईदार, सिकमी वाले या किसी ट्रस्ट या मंदिर को दान में मिली जमीन पर किसानी करने वाले सभी किसानों को खाद ई-टोकन से मिलेगी। पोर्टल पर सभी तरह के विकल्प मिलेगे। अपनी पात्रतानुसार किसान को विकल्प का चयन करना होगा। पात्रतानुसार ही किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध होगा ।

अवैध देशी पिस्टल, 2 जिंदा राउंड सहित आरोपी गिरफ्तार

जावरा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले में अवैध हथियारों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियो एवं चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया था, जो थाना रिंगनोद के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उनि रघुवीर जोशी द्वारा मुखबीर सुचना पर 10 अप्रेल को आर्म्स एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुए आरोपी वसीम पिता नजिम खान जाति पठान उम्र 42 साल निवासी ग्राम परवलिया थाना रिंगनोद को कलालिया रोड स्थित आरोपी के फार्म हाउस के पास से घेराबंदी कर पकडा तथा आरोपी की तलाशी की कार्यवाही उपरान्त आरोपी वसीम खान से एक देशी पिस्टल, दो जिन्दा राउण्ड जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना रिंगनोद के अपराध क्रमाक 138/2026 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। आरोपी वसीम खान को न्यायालय पेश किया जाकर आरोपी वसीम खान का पुलिस रिमांड लेकर आरोपी वसीम खान से अवैध देशी पिस्टल व जिन्दा राउण्ड के स्त्रोत के संबंध व अन्य आरोपियो की संलिप्तता के संबंध मे पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्य में सराहनीय भुमिका उनि रघुवीर जोशी, आर राधेश्याम चौहान, शोभाराम शर्मा, कृष्णपाल सिंह, नरेन्द्रसिंह जगावत आदी कि रही।

'रेल रन' से दौड़ा फिटनेस का जोश

पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा आयोजित रतलाम मंडल पर हुआ आयोजन

रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में रविवार को पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रतलाम मंडल के अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा के निर्देशन में रेल रन का आयोजन किया गया।

आरपीएफ ग्राउंड से रविवार को शुरू होकर रेलवे अस्पताल और न्यू रेलवे कॉलोनी स्पोर्ट्स ग्राउंड से वापस रेलवे सुरक्षा बल ग्राउंड तक पहुंचने वाली लगभग 3 किलोमीटर लंबी 'रेल रन' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस रेल रन में बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उत्साह के साथ शामिल हुए, जिसने इसे सामूहिक जागरूकता अभियान का रूप दे दिया।

यह प्रेरणादायक आयोजन पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रतलाम मंडल की अध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा के नेतृत्व में संपन्न सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा, 'ऐसे कार्यक्रम रेल परिवार को एकजुट करते हैं तथा सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत बनाते हैं। यह स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ पर्यावरण और जागरूक समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।'

अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा का दीपोत्सव

रतलाम। संविधान निर्माता, भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य मे 13 अप्रैल को शाम 7 बजे भारतीय जनता पार्टी दीपोत्सव का आयोजन करेगी। इसमे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे कार्यकर्ता दीप जलाकर डॉ भीमराव अम्बेडकर का स्मरण करेगे। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती उत्साह और उल्लास मनाई जायेगी। छत्रीपुल स्थित अम्बेडकर सर्कल मे प्रात: 10:30 बजे माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से इस अवसर पर अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

सीएम ने जिले की 2 लाख 47 हजार 790 लाड़ली बहनों के खाते में ट्रांसफर की राशि

रतलाम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत लाड़ली बहनों को 1500 प्रति बहन की दर से 35 वी किस्त राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया।

लाडली बहना योजना अंतर्गत रतलाम जिले की 247790 लाड़ली बहनों को 362673600 रुपये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किये गये। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट प्रसारित किया गया।

कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास कार्यालय में एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी केंद्रों पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लाड़ली बहना हितग्राही महिलाएँ उपस्थित थी।

युवाचार्य ने किया कस्तुरमुनि पावनधाम का अवलोकन

जावरा। जैन श्रमण संघीय उपाध्याय डॉ गोतम मुनि की प्रेरणा से व जैन दिवाकर श्री चौथमल महाराज के दिव्य आर्शिवाद से जावरा की पवित्र माटी के लाल पुज्य उपाध्याय श्री कस्तुरमुनिजी की स्मृति में लगभग 10 करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पावनधाम तीर्थ का अवलोकन जैन श्रमण संघीय युवाचार्य आगम मनिषी महेन्द्र ऋषि महाराज एवं हितेश ऋषि महाराज ने किया। उक्त जानकारी देते हुए पावनधाम ट्रस्ट के महामंत्री सुजानमल कोचट्टा ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश मेहता एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ट्रस्टीयो ने जयकारों के साथ युवाचार्य भगवंत की अगवानी करते हुए उनका वंदन अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उपस्थित जावरा के गौरव व आल इंडिया जैन कांन्फ्रेंस दिल्ली के विश्वस्त मण्डल के अध्यक्ष रमेश भण्डारी का शब्दो के माध्यम से स्वागत किया। अध्यक्ष मेहता व निर्माण समिति के चेयरमेन विनोद लुणिया ने अपनी बात रखी।

अंबेडकर जयंती पर हुआ समारोह

आलोट। आधुनिक भारत के शिल्पकार, समतावादी महामानव भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आज अंबेडकर पार्क, तहसील कार्यालय परिसर आलोट में जनपद पंचायत आलोट द्वारा गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक आलोट डॉ चिन्तामणी मालवीय, एसडीएम आलोट रचना शर्मा, जनपद सीईओ आलोट पूजा गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों को याद करते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया ।

जुआ कार्रवाई के बाद प्रधान आरक्षक लाइन अटैच, चौकी प्रभारी पर जांच

नवभारत न्यूज

नामली। थाना नामली क्षेत्र के ग्राम बांगरोद में एसपी टीम की कार्रवाई के बाद स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की टीम ने गोपनीय तरीके से ग्राहक बनकर दबिश दी और एक रेस्टोरेंट से कांग्रेस नेता सहित 9 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा।

घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्षेत्र में पुलिस चौकी होने के बावजूद ऐसी कार्रवाई के लिए एसपी को अलग से टीम गठित करनी पड़ी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने प्रधान आरक्षक राज तोमर को लाइन अटैच कर दिया है।

क्षेत्र में जुआ-सट्टा जारी, पुलिस पर मिलीभगत के आरोप: स्थानीय स्तर पर आरोप हैं कि बांगरोद के स्टेशन रोड, साईं मंदिर क्षेत्र और कलोरी रोड सहित अन्य जगहों पर जुआ-सट्टा जैसे अवैध गतिविधियां लगातार संचालित हो रही हैं।

आरोप यह भी हैं कि कुछ पुलिसकर्मियों की कथित मौन सहमति से ये गतिविधियां फल-फूल रही हैं।

चौकी प्रभारी पर पहले से भी शिकायत, जांच जारी

सूत्रों के अनुसार, बांगरोद चौकी प्रभारी प्रदीप शर्मा पर पहले भी जहरीली शराब कांड के मुख्य आरोपी को बचाने के आरोप लगे थे। इस संबंध में एसपी को शिकायत दी गई थी, जिसकी जांच एसडीपीओ स्तर पर जारी है। बताया जा रहा है कि शिकायत के बाद ही उन्हें नामली से हटाकर बांगरोद चौकी में पदस्थ किया गया था।

थाना प्रभारी का जवाब

मामले में टीआई गायत्री सोनी का कहना है कि पुलिस ने पूर्व में भी बांगरोद क्षेत्र में सट्टे के खिलाफ कार्रवाई की है और आगे भी सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अन्नक्षेत्र में युवाचार्य भगवंत महेंद्र ऋषि महाराज का आगमन

समिति ने की प्रकाशित पत्रिकाओं का किया अवलोक

नवभारत न्यूज

जावरा। युवाचार्य भगवंत महेंद्र ऋषि महाराज और हितेंद्रऋषि महाराज शनिवार प्रात: लगभग 7 बजे विहार करते हुए अन्नक्षेत्र रावण द्वार पहुंचे।

चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, संजय दासोत, सुभाष टुकडियां, राकेश मेहता, ऋषभ मेहता, आयुष चोरडिया, चिंतन टुकडियां, तरुण टुकडियां, विनोद लुनिया, सुशील चपडोद आदी युवाचार्य भगवंत महेंद्रऋषि और हितेन्द्रऋषि मसा को अन्नक्षेत्र जनकल्याण समिति द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों के अवलोकन एवं आशीर्वाद हेतु लेकर आए। समिति अध्यक्ष ओस्तवाल व सचिव दासोत एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र समन्द्रिया ने चल रही गतिविधिया डायलिसिस, कम्प्यूटर, फिजियोथेरेपी, भोजनशाला की जानकारी से मुनिश्री को अवगत कराया। महेंद्रऋषि युवाचार्य श्रमण संघ द्वारा विविध विस्तृत सेवाओ को प्रत्यक्ष देखने का अवसर मिला। नि:स्वार्थ भावों के साथ पारदर्शिता और अनुशासन से संचालित सेवा कार्यो को देखकर प्रसन्न्ता का अनुभव हुआ। मुनिश्री द्वारा समिति द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं का अवलोकन किया। सभी को मांगलिक सुनाई। इस अवसर पर प्रमोद कुरेकर, मनोहर पांचाल, जगदीश कुमावत के साथ अशोक पोरवाल, सुभाष जैन उपस्थित रहे।

एक नजर में **बस स्टैण्ड, मेला मैदान के साथ डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन का किया निरीक्षण**

उपसंचालक ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों का लेकर किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

जावरा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के परिपेक्ष्य में स्वच्छता परिदृश्य एवं मापदण्डों के अनुसार वास्तविक स्थिति के आंकलन हेतु हिमांशु भटट उप संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय भोपाल द्वारा शनिवार को नगर पालिका सीएमओ चंद्रशेखर सोनिस एवं उपयंत्री लोकेश कुमार विजय की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण की चेकलिस्ट अनुसार धरातल पर निकाय द्वारा की गई तैयारियों का निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम सार्वजनिक क्षैस बस स्टेण्ड का साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। क्षेत्र के दरोगा करण कल्याणे प्रभारी दरोगा को सफाई व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए। उसके उपरांत इंकबालगंज मेला मैदान में उपस्थित डोर टु डोर कचरा संग्रहण वाहन का भी निरीक्षण किया। वाहन में लगे सभी कचरा बिन का भी अवलोकन किया। मैला मैदान में स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। शौचालय में लगी मशीनों का भी अवलोकन किया। संबंधित के प्रभारी मेट जय शिव एवं शौचालय केयर टेकर राकेश को तैयारियों से संबंधी निर्देश भी दिए। तद उपरांत निकाय स्वामित्व के प्लांट सादाखेडी ट्रेचिंग ग्राउण्ड का भी निरीक्षण किया। ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर बने कंपोस्ट प्लांट, एफसटीपी प्लांट, एमआरएफ प्लांट का भी औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही प्लांट दस्तावेज एवं लॉगबूक का भी अवलोकन किया। ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर बन रहे नवीन एमआरएफ प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। प्लांट पर उपस्थित प्लांट प्रभारी दशरथ चौहान, सहयोगी कर्मचारी एजाज खान, सलीम खान, भेरूसिंह, समीर, देवीलाल, राजु, भंवरलाल, हेमंतसिह, अकरम सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर उपसंचालक द्वारा निर्देश दिए गए। साथ ही रहवासी क्षेत्रों में, बाजारों, व्यवसायिक क्षेत्रों में सुचारू रूप से सफाई व्यवस्था दुरस्थ रखने, वॉल पेंटिंग करने आदि कई व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। निरीक्षण दौरान नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं समस्त दरोगा-मेट मौजूद रहे।